# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. द्वीपों के उपराज्यपाल ने महाबलिपुरम में आयोजित दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक में भाग लिया।
2. गैर–पंजीकृत थोक अपशिष्ट उत्पादकों को सीपीसीबी पोर्टल पर अनिवार्य पंजीकरण करने का निर्देश दिया गया है।
3. चिन्मय मिशन, की ओर से 23 अगस्त को कांवड़ सह कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।
4. 65वें सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में द्वीपसमूह की टीम ने लक्षद्वीप टीम को हराकर शानदार जीत हासिल की।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल एवं द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष, सेवानिवृत्त एडमिरल डी.के. जोशी ने तमिलनाडु के महाबलीपुरम में आयोजित दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक में भाग लिया। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने की, जबकि इसकी मेजबानी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने की। उपराज्यपाल ने महिला एवं बाल सुरक्षा, पर्यटन, पोषण, शिक्षा, वित्तीय समावेशन, डिजिटल निगरानी और संस्थागत समझौतों के माध्यम से सुपर–स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण में हुई प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के दृष्टिकोण के तहत ग्रेट निकोबार द्वीप में अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, पावर प्लांट और टाउनशिप जैसी प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने उनके समक्ष 'एकीकृत तटीय राज्य समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र' का प्रस्ताव रखा जिसके तहत चेन्नई, कामराज और विशाखापट्टनम जैसे मुख्य भूमि के बंदरगाहों पर जहाजरानी वित्त, समुद्री बीमा, बंकरिंग, कंटेनर मरम्मत और कौशल केंद्र विकसित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 अधिसूचित किए गए हैं। ये नियम पहली अप्रैल से लागू हो चुके हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने इन नियमों का पूरे देश में सख्त और समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। ये नियम नगरपालिका परिषद के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी संस्थानों, प्रतिष्ठानों, सोसायटियों, कार्यालयों आदि पर लागू होते हैं। सभी कचरा उत्पादकों के लिए कचरे को 4 श्रेणियों में अलग करना अनिवार्य है, जिसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, सैनिटरी कचरा, बैटरी, बल्ब, दवाएं, रसायन और ई–कचरा शामिल है। नगरपालिका परिषद के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी गैर–पंजीकृत BWG संस्थानों को 15 दिनों के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पोर्टल पर अनिवार्य पंजीकरण करने का निर्देश दिया गया है। यदि कोई संस्थान या प्रतिष्ठान नियमों का उल्लंघन करता है, तो पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और SWM नियम 2026 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने नेशनल हाईवे एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग–4 के अपग्रेडेशन और पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में एनएच–4 की वर्तमान स्थिति और कार्यों में देरी के कारणों पर चर्चा की गई। मिडिल स्ट्रेट और बाराटांग के बीच पुल के निर्माण में भी नए अनुबंध के तहत काम को समय पर पूरा करने के कदम उठाए जा रहे हैं। सांसद ने इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार प्रादेशिक कांग्रेस कमेटी ने कल पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 82वीं जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय, गांधी भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं द्वारा राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जुबैदा बेगम ने उपस्थिति को सदभावना दिवस की शपथ दिलाई।

<><><><><><><>

श्रावण मास के पावन अवसर पर चिन्मय मिशन, की ओर से 23 अगस्त को कांवड़ सह कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा सुबह साढ़े 6 बजे मरीना पार्क से प्रारंभ होकर श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर, चिन्मय मिशन, में सम्पन्न होगी। सभी इच्छुक श्रद्धालुओं से कांवड़ या कलश के साथ मरीना पार्क पहुंचने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की अंडर–17 बालिका फुटबॉल टीम ने पहली बार प्रतिष्ठित 65वें सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतियोगिता 18 अगस्त से नई दिल्ली में शुरू हुई। अपनी पहली ही प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वीपसमूह की टीम ने 19 अगस्त को खेले गए अपने पहले पूल मैच में लक्षद्वीप की टीम को 4–1 से हराकर शानदार जीत हासिल की।

<><><><><><><>

पेयजल और स्वच्छता विभाग ने कल नई दिल्ली में जल जीवन मिशन 2.0 के तहत क्षमता निर्माण पर हितधारकों के साथ विचार–विमर्श के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों, ग्रामीण वॉश भागीदारों, प्रशिक्षण संस्थानों और अन्य प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों सहित फील्ड–लेवल पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए तैयार किए गए क्षमता–निर्माण मॉड्यूल की समीक्षा करना और उन पर चर्चा करना था।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के शाखा एमएसएमई कार्यालय, श्री विजय पुरम को क्यारी के एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर से आईसीएआर–सिरकोट, मुंबई के क्षितिज 2.0 स्टार्टअप इनक्यूबेशन कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है। यह कार्यक्रम एमएसएमई, स्टार्टअप्स, नवाचारों, उद्यमियों, शोधकर्ताओं और नए विचारों वाले छात्रों के लिए खुला है। चयनित प्रतिभागियों को दो महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें वन–टू–वन मेंटरशिप, फ़ील्ड ट्रायल, तकनीक सत्यापन, बाजार की जरूरतों को समझना और बिजनेस मॉडल तैयार करना शामिल है। इच्छुक प्रतिभागी 25 अगस्त तक icarcircot.accubate.app के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर, से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने कृषि विज्ञान केन्द्र सिप्पीघाट में वैज्ञानिक सुअर पालन पद्धतियों पर जानकारी और जागरूकता' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान वैज्ञानिक डॉ. वाई. रामकृष्ण ने सुअर पालन के तरीकों पर जानकारी दी। सत्र के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी सुअर पालन और विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग, डॉलीगंज की सुअर पालन इकाई का दौरा भी कराया गया।

<><><><><><><>